## सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**माननीय प्रबन्ध परिषद की 61वीं बैठक दिनाँक 20 अगस्त, 2025 का कार्यवृत्त**

माननीय प्रबन्ध परिषद की 61वीं बैठक दिनाँक 20 अगस्त, 2025 को पूर्वान्ह् 11:30 बजे से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् रही है:–

1. डा0 के0के0 सिंह, कुलपति — **अध्यक्ष**
2. श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद — **सदस्य**
3. श्री राजीव कुमार सिंह, मा0 विधायक — **सदस्य**
4. श्री रफीक अंसारी, मा0 विधायक — **सदस्य**
5. श्री इन्द्र विक्रम सिंह, सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। — **सदस्य**
   (प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 शासन के प्रतिनिधि)
   (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया)
6. डा0 अनिल कुमार, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली। — **सदस्य**
   (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया)
7. श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर, मेरठ। — **सदस्य**
8. श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री, चांदपुर, बिजनौर। — **सदस्य**
9. श्री देवव्रत त्यागी, प्रगतिशील कृषक, मुजफ्फरनगर। — **सदस्य**
10. श्री अशोक कुमार, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। — **सदस्य**
11. डा0 सुधांशु सिंह, कृषि वैज्ञानिक — **सदस्य**
    (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया)
12. श्री अशोक कुमार यादव, संयुक्त निदेशक, कृषि मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। — **सदस्य**
13. डा0 मोनिका सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ — **सदस्य**
    (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि)
14. डा0 मानव, अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक पशुपालन, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) — **सदस्य**
15. श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियंत्रक — **सदस्य सचिव**



24/08/25
कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

बैठक के प्रारम्भ में श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर एवं श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री के पद पर तथा आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त श्री अनिल कुमार, सहा0 महानिदेशक (ऑनलाईन) का स्वागत अध्यक्ष डा0 के0के0 सिंह, कुलपति द्वारा किया गया।

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक/सदस्य सचिव द्वारा विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के नवनियुक्त एवं अन्य सभी मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 61.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 60वीं बैठक दिनाँक 28 मार्च, 2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 60वीं बैठक दिनांक 28 मार्च, 2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 61.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 60वीं बैठक दिनाँक 28 मार्च, 2025 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 60वीं बैठक दिनांक 28 मार्च, 2025 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

मा0 प्रबन्ध परिषद की 60वीं बैठक दिनांक 28.03.2025 के बिन्दु संख्या–60.9 पर इंगित–विश्वविद्यालय चिकित्सालय पर महिला चिकित्सक को कांट्रेक्ट पर रखे जाने की योग्यता एवं मानदेय में संशोधन के सम्बन्ध में प्रस्ताव के संदर्भ में सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा कहा गया कि इस प्रस्ताव के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन द्वारा एक पत्र भेजा गया था, जिसमें वर्णित किया गया था कि विश्वविद्यालय चिकित्सालय में महिला चिकित्सक को संविदा के आधार पर नियुक्त न किया जाये। उक्त चिकित्सक को



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से ही नियुक्त किया जाये। इस सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद को अवगत कराया गया कि 60वीं बैठक दिनांक 28.03.2025 की बैठक का कार्यवृत्त जारी होने के उपरांत उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में स्थित चिकित्सालय में महिला चिकित्सक को GEM द्वारा आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता के माध्यम से नियुक्त किया गया है। इससे सम्बन्धित प्रपत्र सुलभ संदर्भ हेतु प्रस्तुत किये जा रहे है (संलग्नक–01 एवं 02)।

**(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक / प्र0अ0 चिकित्सालय)**

**प्रस्ताव संख्या 61.3 : विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध केन्द्र (Centre for International Relations) की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध केन्द्र (Centre for International Relations) की स्थापना के सम्बन्ध में सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा प्रस्ताव की सराहना की गयी तथा उनके द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि इसके लिए किसी प्रकार के वित्तीय सहायता की मांग क्यों नही की गयी है, जिसके सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष / मा0 कुलपति द्वारा अवगत कराया गया कि इसके लिए उ0प्र0 शासन से किसी प्रकार के वित्तीय सहायता इत्यादि की आवश्यकता नही होगी क्योंकि उपरोक्त केन्द्र हेतु कार्यालय एवं स्टाफ तथा मूलभूत संसाधनों की व्यवस्था विश्वविद्यालय में पहले से ही उपलब्ध कार्मिकों तथा स्वयं के स्त्रोत से हुई आय से कर ली जायेगी। सभी मा0 सदस्यों ने मुक्त कण्ठ से विश्वविद्यालय की इस पहल पर प्रशंसा की गयी। विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध केन्द्र (Centre for International Relations) की स्थापना के सम्बन्ध में डा0 अनिल कुमार, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0 नई दिल्ली द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि National Education Policy



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

2020 में चैप्टर 12.8 में भी International Students Office की स्थापना के संदर्भ में विस्तार में वर्णन किया गया है।

मा० अध्यक्ष द्वारा सदन को उक्त केन्द्र के कार्य–कलापों एवं उद्देश्यों के सम्बन्ध में निम्नवत अवगत कराया गया:–

1. विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ औपचारिक समझौता (एम०ओ०यू०) एवं सहयोग को सुविधाजनक बनाना।
2. विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं शोधकर्ताओं के लिए आदान–प्रदान कार्यक्रमों को प्रोत्साहित एवं संचालित करना।
3. विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों को आकर्षित करना एवं उन्हें आवश्यक सुविधायें प्रदान करना।

मा० प्रबन्ध परिषद के मा० सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध केन्द्र (Centre for International Relations) के स्थापना हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

2

**(कार्यवाही: कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 61.4 : सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कार्मिकों के वेतन वहन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ०प्र० शासन के शासनादेश संख्या 37/2025/3329309/कृशिअ–67–1002(002)/2/2025 दिनांक 05 अप्रैल, 2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–2026 में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के कार्मिकों के वेतन वहन हेतु वेतन मद के अन्तर्गत रू० 4731.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

इस सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा० सदस्य, विधान परिषद एवं सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग,



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा उपर्युक्त शासनादेश के माध्यम से निर्गत धनराशि के सापेक्ष व्यय की विस्तृत सूचना निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | नियमित वेतन हेतु आवंटित बजट (रू0 में) | माह का नाम | प्रतिमाह व्यय धनराशि (रू0 में) | अवशेष धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **473100000.00** | | | |
| | | मार्च–2025 | 43793854.00 | |
| | | अप्रैल–2025 | 45882434.00 | |
| | | डी0ए0–एरियर 53 से 55 प्रतिशत | 1615646 | |
| | | मई–2025 | 45379006.00 | |
| | | जून–2025 | 45323081.00 | |
| | | जुलाई–2025 | 45112176.00 | |
| | | कुल व्यय जुलाई–2025 तक | **227106197.00** | **245993803.00** |

उपर्युक्त सूची के सम्बन्ध में वित्त नियन्त्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के कार्मिकों के नियमित वेतन वहन हेतु वेतन मद के अन्तर्गत उ0प्र0 शासन के शासनादेश दिनांक 05.04.2025 के माध्यम से रू0 4731.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह जुलाई–2025 तक रू0 2271.06 लाख की धनराशि व्यय हो चुकी है एवं रू0 2459.93 लाख मात्र अवशेष है।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय–व्ययक अनुमान के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा रू0 5279.00 लाख की मांग के सापेक्ष रू0 4731.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवशेष कुल 07 माह हेतु कार्मिकों के नियमित वेतन/भत्तों के लिए वर्तमान में अवशेष धनराशि अप्रर्याप्त होगी। अतिरिक्त धनराशि के लिए विश्वविद्यालय द्वारा पत्र संख्या सवप/वि0नि0/325 दिनांक 11.08.2025 के माध्यम से मांग



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है (संलग्नक–03)। वित्त नियन्त्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा मा0 सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि उ0प्र0 शासन द्वारा वेतन मद में प्रदान की जाने वाली धनराशि से वेतन/भत्तों के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान नही किया जाता है।

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 61.5 : सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित पदों के सापेक्ष दिनांक 01.04.2005 व उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए नियोक्ता अंशदान (एन0पी0एस0) हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 38/2025/3332421/कृशिअ–67–1002 (003)/1/2024 दिनांक 07 अप्रैल, 2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–2026 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित पदों के सापेक्ष दिनांक 01.04.2005 व उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए नियोक्ता अंशदान (एन0पी0एस0) हेतु रू0 625.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

इस सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद एवं सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा उपर्युक्त शासनादेश के माध्यम से निर्गत धनराशि के व्यय की विस्तृत सूचना निम्नवत है:–



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

| क्र0 सं0 | एन0पी0एस0 हेतु आवंटित बजट (रू0 में) | माह का नाम | प्रतिमाह व्यय धनराशि (रू0 में) | अवशेष धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **62500000.00** | | | |
| | | मार्च–2025 | 2038350.00 | |
| | | अप्रैल–2025 | 2064999.00 | |
| | | डी0ए0–एरियर 53 से 55 प्रतिशत | 79944.00 | |
| | | मई–2025 | 2045194.00 | |
| | | जून–2025 | 2254095.00 | |
| | | जुलाई–2025 | 2272480.00 | |
| | | कुल व्यय जुलाई–2025 तक | **10755062.00** | **51744938.00** |

उपर्युक्त सूची के सम्बन्ध में वित्त नियन्त्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित पदों के सापेक्ष दिनांक 01.04.2005 व उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए नियोक्ता अंशदान (एन0पी0एस0) हेतु आवंटित कुल धनराशि रू0 625.00 लाख की अवशेष धनराशि को मार्च–2026 में उ0प्र0 शासन को वापस कर दिया जायेगा।

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 61.6 : सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में गैर वेतन के अन्तर्गत वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

उपरोक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 41/2025/3361015/कृशिअ–67–1002 (002)/7/2025 दिनांक 06 मई, 2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–2026 में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ हेतु गैर वेतन मद के अन्तर्गत रू0 175.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। साथ ही उपर्युक्त शासनादेश के अन्तर्गत कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ पर तकनीकी प्रशिक्षण हेतु रू0 4.38 लाख एवं प्रसार योजना के सृदृढ़ीकरण हेतु रू0 0.50 लाख की धनराशि की स्वीकृति भी प्रदान की गयी है।

इस सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा उपर्युक्त शासनादेश के माध्यम से निर्गत धनराशि के व्यय की विस्तृत सूचना के सम्बन्ध में वित्त नियन्त्रक/सदस्य सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि उ0प्र0 शासन द्वारा शासनादेश दिनांक 06 मई, 2025 के माध्यम से गैर वेतन मद में प्रथम किश्त के रूप में रू0 175.00 लाख की धनराशि निर्गत की गयी है। जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा जेम/ई–टेण्डर के माध्यम से महाविद्यालयों में प्रयोगशाला उपकरण, फर्नीचर/फर्निशिंग, केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों को क्रय करने, ऑटोमेशन से सम्बन्धित क्रय/कार्य कराने पर रू0 156.64 लाख व्यय हो चुका है एवं रू0 18.36 लाख मात्र की धनराशि अवशेष है। इस सम्बन्ध में वित्तीय वर्ष 2025–26 में इस मद में प्रथम किश्त में से व्यय हुई धनराशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं अवशेष धनराशि के सापेक्ष द्वितीय किश्त की मांग का प्रस्ताव विश्वविद्यालय द्वारा पत्र



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांक 24.07.2025 के माध्यम से उ0प्र0 शासन को प्रेषित कर दिया गया है (संलग्नक–04)।

मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 61.7 : कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के बन्द लिफाफे खोले जाने के सम्बन्ध में।**

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 359/67–कृशिअ–19–1500(16)/09 दिनांक 09.03.2019 द्वारा शिक्षकों को 7वें वेतनमान एवं शासनादेश संख्या 2052/67–कृशिअ–14–1500(16)/09 दिनांक 30.09.2014 द्वारा कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) अनुमन्य करने के सम्बन्ध में निर्गत नियमों के अनुसार एवं विश्वविद्यालय की माननीय विद्वत परिषद की 59वीं बैठक दिनांक 04.11.2016 में लिए गये निर्णय द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के साक्षात्कार दिनांक 28.07.2025 से दिनांक 07.08.2025 तक किये गये।

अतः उपरोक्तानुसार कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत कुल 29 शिक्षकों (तालिका में वर्णित क्रम संख्या–01 से 29 तक के अन्तर्गत क्रमांक–01 पर अंकित डा0 हरिओम कटियार को छोड़कर) को चयन समिति द्वारा पदोन्नति/उच्च वेतनमान प्रदान करने के सम्बन्ध में बंद लिफाफे खोलने के प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया (संलग्नकः–05)।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 61.8 : कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में संचालित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं के पदों का कार्यकाल 03 वर्ष रखने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में संचालित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं के पदों का कार्यकाल 03 वर्ष अथवा अधिवर्षता प्राप्त करने की आयु तक, जो भी पहले हो, से सम्बन्धित प्रस्ताव को मा0 सदस्यों के समक्ष रखा गया।

इस प्रस्ताव के संदर्भ में अध्यक्ष/मा0 कुलपति जी द्वारा विस्तृत रूप से मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि (i) दिनांक 03 जुलाई, 2014 को प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार "शैक्षणिक संवर्ग के अन्तर्गत डीन तथा विभागाध्यक्ष के पदों पर भर्ती की कार्यवाही नही की जायेगी। सम्बन्धित पदों का उत्तरदायित्व सम्बन्धित संकाय/विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक द्वारा निहित व्यवस्था के अर्न्तगत निर्वहन किया जायेगा।" (ii) कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ का स्वयं का अधिनियम, परिनियम एवं विनियम (Act, Statutes & Regulations) नही होने की स्थिति में विश्वविद्यालय के अनुरोध पर उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत पत्र संख्या 1178/67–कृशिअ–14–500(6)/14 दिनांक 14.11.2014 द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कार्य संचालन हेतु स्वयं की परिनियमावली (Statutes) प्रख्यापित होने की तिथि तक चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर की परिनियमावली को प्रभावी होने की अनुमति प्रदान की गयी।

श्री राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–207/जी0एस0 दिनांक 13.01.1998 के माध्यम से चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधिनियम, परिनियम एवं विनियम (Act, Statutes & Regulations) के अन्तर्गत धारा–29(6) के अधीन अध्याय–XIII



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

में निम्नलिखित प्राविधान किये जाने की स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की गयी थी कि उक्त संशोधन को विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद के समक्ष प्रस्तुत करके प्रबन्ध परिषद का अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाये:—

Provided that no such advertisement in newspapers shall be necessary in the case of an appointment for the post of Dean and Head of department. Appointment to these position shall be made in the manner prescribed hereinafter;

The Dean of faculty shall be appointed from amongst the professor in the faculty concerned.

4(a)(2): The selection committee for the appointment of a Dean of faculty shall consist of:-

(i) The kulpati who shall be the chairman there of.

(ii) One Dean of faculty to be nominated by the kulpati.

(iii) One representative to be nominated by the Director General, Indian Council of Agricultural Research, New Delhi.

(iv) Two experts to be nominated by the kuladhipati.

4(a)(3): The term of the Dean shall be three years.

(a)(3): The term of Dean so appointed can be extended for a further period of three years, but in no cases a Dean can hold the post for more than two terms.

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधिनियम, परिनियम एवं विनियम (Act, Statutes & Regulations) के अन्तर्गत अध्याय–XIII में श्री राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के उपरांत अधिसूचना संख्या–1626/98 दिनांक 12.11.1998 (प्रति संलग्न–06) के माध्यम से निम्नवत संशोधन किये गये है:—

**4(a)(1).** The Dean of Faculty shall be appointed from amongst the Professors in the Faculty concerned.

**4(a)(3).** The term of the Dean shall be three years.

**(a)(4).** The term of Dean so appointed can be extended for a further period of three years but in no cases a Dean can hold the post for more than two terms.



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

इस सम्बन्ध में मा0 सदस्यों द्वारा मन्तव्य दिये गये। मा0 सदस्यों द्वारा चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा उनके प्रबन्ध मण्डल के अनुमोदनोपरांत अधिसूचित किये गये संशोधनों को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में प्रभावी होने के फलस्वरूप अध्याय–13 के खण्ड–4 को इस विश्वविद्यालय में चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधिनियम, परिनियम एवं विनियम (Act, Statutes & Regulations) में अधिष्ठाता पद पर नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करने का निर्णय लिया गया।

मा0 सदस्य श्री रफीक अंसारी, मा0 विधायक, मेरठ द्वारा इस प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव को उ0प्र0 शासन को सहमति हेतु भेजे जाने के सम्बन्ध में अभिमत व्यक्त किया गया। अन्य सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी। इस पर अध्यक्ष/मा0 कुलपति महोदय द्वारा सभी मा0 सदस्यों की सहमति से इस प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद के कार्यवृत्त पर शासन की पुष्टि के पश्चात विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता के पद पर नियुक्ति के लिए तद्नुसार अध्याय–13 में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करने का निर्णय लिया गया।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण/कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 61.9 : डा0 नरेश प्रताप सिंह, सहायक प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिकी के विरूद्ध यौन शोषण सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतों के दृष्टिगत गठित जांच समिति की रिपोर्ट पर निर्णय लेने के सम्बन्ध में।**

डा0 नरेश प्रताप सिंह, सहायक प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिकी के विरूद्ध यौन शोषण सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतों के



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

दृष्टिगत गठित जांच समिति की रिपोर्ट पर निर्णय हेतु माननीय प्रबन्ध परिषद में विस्तृत चर्चा की गयी।

प्रस्ताव पर चर्चा में डा0 नरेश प्रताप सिंह, सहायक प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिकी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के साथ किये गये कृत्यों की मा0 सदस्यों द्वारा भर्त्सना एवं निंदा की गयी। श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद, श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि डा0 नरेश प्रताप सिंह को दण्डित किया जाये परंतु किसी दीर्घ शास्तीय/दण्ड तथा सेवा से हटाने सम्बन्धी निर्णय लेने से पूर्व गंभीरतापूर्णक विचार किया जाये।

सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ एवं श्री राजीव कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधानसभा द्वारा पृच्छा की गयी कि क्या उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील), 1999 को विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत की गयी है। इस पर अध्यक्ष/मा0 कुलपति जी द्वारा स्पष्ट किया गया कि जहां पर परिनियमावली में किसी प्रक्रिया का विशिष्ट उल्लेख नही होता है वह स्वतः ही विश्वविद्यालय द्वारा उ0प्र0 शासन द्वारा प्रख्यापित प्रक्रिया का पालन किया जाता है। साथ ही अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि परिनियामली के अध्याय–21 के बिन्दु संख्या–3 (Conditions of service, Appointment, Suspension, Removal and Control) के प्रस्तर–(E)(2) में व्यवस्था दी गयी है, जिसके अनुसार विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी की सेवा समाप्ति के दण्ड का आधार ("Commission of any act which in the opinion of the Board involves moral turpitude- नैतिक अधमता") हो सकता है। सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा इस कृत्य को इसी श्रेणी में दण्ड का आधार बनाने के लिए अपना अभिमत दिया गया। मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्य श्री राजीव कुमार सिंह, मा0 विधायक एवं



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री द्वारा प्रकरण को अत्यन्त लज्जास्पद बताया गया। मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरांत अभिमत दिया गया कि चूंकि जांच समिति की जांच आख्या में अपचारी कार्मिक पर लगाये गये सभी आरोप सिद्ध हो रहे है, ऐसी स्थिति में अपचारी कार्मिक को शास्ती/दण्ड, अपचारी कार्मिक द्वारा किये गये कृत्य के अनुपातिक होना चाहिए। अतः मा0 प्रबन्ध परिषद की सर्वसम्मत्ति से डा0 नरेश प्रताप सिंह, सहायक प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिकी के विरूद्ध निम्नवत निर्णय लिया गयाः—

**दीर्घ शास्तियां—3— सेवा से हटाना (Removal for service) जो भविष्य में नियोजन (Employment) के लिए निरर्हित (Disqulify) न करता हो, का अनुमोदन किया गया।**

**(कार्यवाहीः कुलसचिव/निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

प्रस्ताव संख्या 61.10 : **डा0 रचना वर्मा, प्राध्यापक (पशु औषधि एवं विष विज्ञान विभाग) पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, द्वारा पूर्व में दिनांक 28.02.2004 से 20.05.2018 तक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (उ0 प्र0) में सहायक प्राध्यापक एवं सह प्राध्यापक (पशु औषधि एवं विष विज्ञान विभाग) के पद पर दी गयी सेवाओं को पेंशन आगणन हेतु जोड़ने के सम्बन्ध में।**

डा0 रचना वर्मा, प्राध्यापक (पशु औषधि एवं विष विज्ञान विभाग) पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, द्वारा पूर्व में दिनांक 28.02.2004 से 20.05.2018 तक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (उ0 प्र0) में सहायक प्राध्यापक एवं सह प्राध्यापक (पशु औषधि एवं विष विज्ञान विभाग) के पद पर दी गयी सेवाओं को पेंशन आगणन हेतु जोड़ने के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया कि डा0 रचना वर्मा, प्राध्यापक (पशु औषधि एवं विष विज्ञान



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

विभाग) पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में दिनांक 21.05.2018 को योगदान प्रस्तुत किया था। डा0 रचना वर्मा द्वारा प्रेषित अनुरोध पत्र के उपरान्त निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण कार्यालय के पत्र संख्या सवप / 2023 / नि0प्र0अनु0 / 11649 दिनांक 17.01.2023 द्वारा निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (उ0 प्र0) को प्रेषित किया गया था। निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (उ0 प्र0) के पत्र संख्या ए.एन.डी.यू.ए.टी.–07 / स्था.2 / व्य. / 2025 / 728, दिनांक 10.07.2025 द्वारा डा0 रचना वर्मा की सेवाओं का सत्यापन करते हुये सेवा पुस्तिका सहित अन्य अभिलेख उपलब्ध करा दिया गया है, जिसमें शासन के शासनादेश संख्या 17 / 2019 / सा– 3–346 / दस–2019–933 / 89, दिनांक 30 अप्रैल, 2019 के साथ संलग्न सेवा निवृत्तिक लाभों के लिए सेवाओं को जोडे जाने हेतु प्रारूप पत्र में दिनांक 28.02.2004 से 19.05. 2018 (अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र के अनुसार दिनांक 20.05.2018 तक का वेतन आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (उ0 प्र0) द्वारा दिया गया है) तक की सेवाऐं सत्यापित कर प्रेषित की गई है। शासनादेश सं0 CM-64/12-8-98-4001/95, दिनांक 16 सितम्बर, 1998 में वर्णित व्यवस्था कृषि विश्वविद्यालयों के शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा विश्वविद्यालय में आने से पूर्व अन्यत्र की गई सेवाओं की गणना पेंशन हेतु आगणित किये जाने के सम्बन्ध में के बिन्दु सं0 02 में दी गई व्यवस्था जिन संस्थाओं की पूर्व में की गई सेवायें पेंशन हेतु जोड़ी जानी हो वह सेवा पेन्शनेबुल हो तथा पेंशन देने का दायित्व राज्य सरकार का हो, का निर्देश दिया गया है।

अतः माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मत्ति से डा0 रचना वर्मा, प्राध्यापक (पशु औषधि एवं विष विज्ञान विभाग) पशु चिकित्सा



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, द्वारा पूर्व में दिनांक 28.02.2004 से 20.05.2018 तक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (उ0 प्र0) में सहायक प्राध्यापक एवं सह प्राध्यापक (पशु औषधि एवं विष विज्ञान विभाग) के पद पर दी गयी सेवाओं को पेंशन आगणन हेतु जोड़ने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही: निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

**प्रस्ताव संख्या 61.11 : श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, वित्त अधिकारी, मेजर ध्यान चन्द राज्य खेल विश्वविद्यालय, मेरठ को कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के आवास में आवासित रहने की अनुमति के सम्बन्ध में।**

कृपया उपर्युक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में मा0 सदस्यों को अवगत कराया कि मा0 कुलपति जी, मेजर ध्यानचन्द राज्य खेल विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्रांक 175/मे0ध्या0रा0खे0वि0वि0/ 2025–26 दिनांक 12.08.2025 के माध्यम से श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, वित्त अधिकारी, मेजर ध्यानचन्द राज्य खेल विश्वविद्यालय, मेरठ को कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के आवास में यथावत रहने की अनुमति के सम्बन्ध में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में वर्तमान में वित्त नियन्त्रक के पद पर कार्यरत श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी द्वारा अवगत कराया गया कि वे पिछले 01 वर्ष से विश्वविद्यालय परिसर से बाहर किराये के मकान में रह रहे हैं, जिसके दृष्टिगत उनको भी परिसर में वित्त नियन्त्रक को आवास की आवश्यकता है।

उपर्युक्त के दृष्टिगत श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद, श्री रफीक अंसारी, मा0 सदस्य, विधानसभा एवं सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ सहित अन्य मा0 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में वर्तमान में वित्त नियन्त्रक के पद कार्यरत श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी को



कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

परिसर में वित्त नियन्त्रक हेतु आवास आवंटित करने हेतु मा0 कुलपति जी को निर्णय लेने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही आवास संख्या–टाईप–5, 6/1 को विश्वविद्यालय के वित्त नियन्त्रक को पदेन चिन्हांकित करने हेतु भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही: अध्यक्ष, आवास आवंटन समिति/ प्रभारी अधिकारी परिसम्पत्ति)**

वित्त नियन्त्रक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

22/08/25

**(पंकज कुमार चतुर्वेदी)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

अनुमोदित

22/08/25

**(डा0 के0के0 सिंह)**
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद
कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

सलंग्नक-01

# अनुबंध | Contract

GeM Government e Marketplace — Efficient • Transparent • Inclusive
Azadi Ka Amrit Mahotsav

अनुबंध क्रमांक | Contract No: GEMC-511687705192334
अनुबंध तिथि | Contract Generated Date : 07-Jul-2025

## संगठन विवरण | Organisation Details

| | |
|---|---|
| प्ररूप \| Type : | State Government |
| मंत्रालय \| Ministry : | - |
| विभाग \| Department : | Agriculture Education and Research Department Uttar Pradesh |
| संगठन का नाम \| Organisation Name : | N/A |
| कार्यालय क्षेत्र \| Office Zone: | Meerut |

## खरीदार विवरण | Buyer Details

| | |
|---|---|
| पद \| Designation : | Professor |
| संपर्क नंबर \| Contact No. : | - |
| ईमेल आईडी \| Email ID : | deepak.sisodiasvp@gov.in |
| जीएसटीआईएन \| GSTIN : | - |
| पता \| Address : | Modipuram, Roorkee Road, NH 58, MEERUT, UTTAR PRADESH-250110, India |

## वित्तीय स्वीकृति विवरण | Financial Approval Detail

| | |
|---|---|
| आईएफडी सहमति \| IFD Concurrence : | Yes |
| प्रशासनिक अनुमोदन का पदनाम \| Designation of Administrative Approval: | vice chancellor |
| वित्तीय अनुमोदन का पदनाम \| Designation of Financial Approval : | vice chancellor |

## भुगतान प्राधिकरण विवरण | Paying Authority Details

| | |
|---|---|
| Role: | PAO |
| भुगतान का तरीका \| Payment Mode: | Internet Banking |
| पद \| Designation : | Comptroller |
| ईमेल आईडी \| Email ID : | fcsvp.me-up@gov.in |
| जीएसटीआईएन \| GSTIN : | N |
| पता \| Address: | Modipuram, Roorkee Road, NH 58, MEERUT, UTTAR PRADESH-250110, India |

## परेषिती विवरण | Consignee Details

